## झगड़े में महिला सहित 5 लोग घायल

**हिंडौन सिटी ।** सूरौठ थाना क्षेत्र के बेरखेड़ा में सोमवार रात को आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। जिसमें एक पक्ष के महिला सहित 5 लोग घायल हो गए।

घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के सर्जन डॉक्टर जेपी मीना ने बताया घायल पक्ष बेरखेड़ा निवासी संतोष देवी जाटव (35), कैलाश चन्द (32), अंकित (25), भागसिंह व एक अन्य है। उन्होंने बताया कि घायलों के सिर पर ज्यादा चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को भर्ती किया गया है।

घायल महिला ने बताया कि सोमवार को गांव के पड़ोसियों ने रात करीब 8.30 बजे घर आकर उसके साथ गाली गलौच शुरू कर दिया। वहीं लाठी-डंडों से लैस होकर आए पड़ोसियों ने महिला पर हमला कर दिया। जिसके बाद बीच बचाव करने पहुंचे महिला के देवर अंकित व कैलाश पर हमला कर दिया।

जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी हमले में भागसिंह व एक अन्य भी घायल हो गए।

घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। इधर घायल पक्ष ने मंगलवार को सूरौठ थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट पेश की है।

# जिला कलेक्टर रूपवास के दौरे पर, विभिन्न जलस्त्रोतों का किया निरीक्षण

**भरतपुर ( निस )।** जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव मंगलवार को जिले के रूपवास उपखण्ड मुख्यालय के भ्रमण पर रहे जहॉ तहसील कार्यालय एवं शहर में विभिन्न जल स्त्रोतों का निरीक्षण कर आमजन की समस्या निराकरण प्रक्रिया एवं बरसात के समय जल निकासी के प्रबन्धों का मौका मुआयना किया। जिला कलक्टर ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर काश्तकारों से संबंधित समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी ली तथा निर्धारित समयावधि में समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये।

- **जिला कलेक्टर जल स्त्रोतों एवं नालों से कचरा निकासी के साथ पानी के आवक के मार्गों की सफाई कराने के निर्देश दिये**

**जलस्त्रोतों के आसपास पौधारोपण कर उनकी देखभाल सुनिश्चित करने हेतु विभागों एवं सामाजिक संस्थाओं को जिम्मेदारी देने के निर्देश दिये।**



**जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव मंगलवार को जिले के रूपवास उपखण्ड मुख्यालय के भ्रमण पर रहे।**

उन्होंने कहा कि किसानों को छोटे-छोटे कार्यों के लिये विभागों के चक्कर नहीं लगाने पडें इसके लिये स्वप्रेरित होकर क्षेत्र में चिन्हित समस्याओं का निराकरण करें।

उन्होंने कहा कि भूमि पैमाइश, सीमा ज्ञान, पत्थरगढी, रास्तों के अतिक्रमण संबंधी आवेदनों का प्राथमिकता से निस्तारण करें जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित नहीं हो तथा किसानों में आपसी झगडे नहीं हो। उन्होंने किसानों को फसल बीमा एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिये जमाबन्दी आदि के लिये चक्कर नहीं लगाने पडें यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने आमजन से प्राप्त होने वाले परिवादों, ऑनलाईनपोर्टल एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाली शिकायतों को संवेदनशीलता से लेते हुये शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर ने शहर के विभिन्न जल स्त्रोतों एवं जलभराव क्षेत्रों में साफ सफाई एवं पानी निकासी के लिये किये गये प्रबंधों का मौका मुआयना किया।

उन्होंने कहा कि बरसात के समय आबादी क्षेत्र में पानी भराव की समस्या नहीं रहे इसके लिये पम्पसैट आदि संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

उन्होंने जल स्त्रोतों एवं नालों से कचरा निकासी के साथ पानी के आवक के मार्गों की सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्षा का पानी व्यर्थ बहकर नहीं जाये जलस्त्रोत में एकत्रित होने से भूजल रिचार्ज होने के साथ जैवविविधता के काम आयेगा।

उन्होंने जलस्त्रोतों के आसपास पौधारोपण कर उनकी देखभाल सुनिश्चित करने हेतु विभागों एवं सामाजिक संस्थाओं को जिम्मेदारी देने के निर्देश दिये।

उन्होंने फूटा तालाब सहित विभिन्न स्थानों पर जलस्त्रोतों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी रूपवास बाबूलाल, तहसीलदार रूपवास अमित कुमार शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### अधिकारियों की बैठक, निर्देश दिए

**धौलपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देशों की पालना एवं बाल विवाह रुकवाने के संबंध में मंगलवार को मीटिंग का आयोजन हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रेखा यादव के अवकाशागार में अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिले के समस्त तहसीलदारों को अवगत कराया कि यदि उचित प्रयास करने के बाद भी दुर्घटना में शामिल वाहन का नम्बर, पहचान सुनिश्चित नहीं की जा सकी है, तो रिपोर्ट दर्ज होने की तारीख से एक माह के भीतर पुलिस स्टेशन का प्रभारी अधिकारी घायल या मृतक के कानूनी प्रतिनिधियों को लिखित रूप से सूचित करेगा कि 'हिट एण्ड रन' मोटर दुर्घटना योजना के तहत मुआवजा का दावा किया जा सकता है।पुलिस द्वारा मृतक के कानूनी प्रतिनिधियों या घायलों को उनके क्षेत्राधिकार वाले दावा जांच अधिकारी के कार्यालय का पता व सम्पर्क विवरण जैसे ई-मेल आईडी आदि पुलिस द्वारा प्रदान किये जाऐगें। साथ ही पुलिस स्टेशन का प्रभारी अधिकारी दुर्घटना की तारीख से एक महीने के भीतर अंतिम दुर्घटना रिपोर्ट दावा जांच अधिकारी को अग्रेषित करेगा। दावा जांच अधिकारी आवेदन प्राप्त होने के एक माह के भीतर यह निर्धारित करेगा कि दावा राशि का वास्तविक दावेदार कौन है व रिपोर्ट दावा निपटान आयुक्त को प्रेषित करेगा। जिले में दावा जांच अधिकारी के रूप में संबंधित तहसीलदार को नामित किया गया है।

### केन्द्रीय मंत्री को लिखा पत्र

**भरतपुर ( निस )।** पूर्व मंत्री एवं भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने केन्द्रीय कौशल विकास एवं उधमशीलता मंत्री तथा राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयन्त चौधरी को पत्र लिखकर भरतपुर संभाग मुख्यालय पर एक और केन्द्रीय विद्यालय तथा सैनिक स्कूल खुलवाये जाने की मांग की है ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को अध्ययन करने में सुविधा मिल सके। डॉ. गर्ग ने केन्द्रीय मंत्री जयन्त चौधरी को लिखे पत्र में कहा कि प्रदेश का पूर्वी द्वार कहलाये जाने वाला भरतपुर संभाग मुख्यालय है। यह जिला शिक्षा की दृष्टि से अभी भी काफी पिछडा हुआ है। हांलाकि उनके प्रयासों से भरतपुर में काफी शिक्षण संस्थान खोले गये हैं। भरतपुर क्षेत्र के युवाओं में पढाई के प्रति अधिक रूचि है और यहां के विद्यार्थियों ने अपनी योग्यताओं से कई उपलब्धियां हांसिल की हैं। डॉ. गर्ग ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि भरतपुर क्षेत्र के युवाओं में जोश और जुनून है। यहां के युवा सेना में भर्ती होने के लिये दिन और रात मेहनत करते हैं और शारीरिक दृष्टि से भी वह कुशल हैं। कृषि प्रधान क्षेत्र होने की वजह से किसानों के बच्चों को अध्ययन के लिये परेशानी का सामना करना पडता है। उन्होंने कहा कि भरतपुर एनसीआर क्षेत्र में आने के कारण यहां औद्योगिक इकाईयों की स्थापना नहीं हो पाती है। इस कारण यहां बेरोजगारी का आलम है। ऐसे में भरतपुर को एज्युकेशन हब बनाने की जरूरत है और यहां के विद्यार्थी को अध्ययन करने के लिये भरतपुर में एक और केन्द्रीय विद्यालय तथा सैनिक स्कूल खोलने की नितान्त आवश्यकता है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री चौधरी से आग्रह किया कि आगामी केन्द्र सरकार के प्रस्तावित बजट में शिक्षा के क्षेत्र में भरतपुर में केन्द्रीय विद्यालय और सैनिक स्कूल खुलवाया जाये ताकि यहां के युवाओं एवं किसान परिवार से जुडे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का लाभ मिल सके।

### 89 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये

**भरतपुर ( निस )।** श्री हरिदत्त ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्ययूशन्स द्वारा टैक्नोलॉजी पार्क में "निशुल्क रोजगार मेले" का आयोजन किया गया जिसमें 89 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। रोजगार मेले के मुख्य अतिथि निदेशक डा. आलोक शर्मा रहे एवं अध्यक्षता समाज सेवी हरिदत्त शर्मा ने की। रोजगार मेले में आये युवाओं को सम्बोधित करते हुए डा. आलोक शर्मा ने बताया कि यह बिना किसी प्रवेश शुल्क अथवा राशि के आयोजित किये जाने वाला रोजगार परख आयोजन है। जिसमें भरतपुर अंचल के आई.टी.आई. पास युवाओं एवं शिक्षितों को रोजगार प्रदान करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जाता है। रोजगार मेले के संयोजक चौधरी टैक्नो कार्ट के धर्मवीर चौधरी ने बताया कि निशुल्क रोजगार मेले में आये 178 युवाओं ने लिखित परीक्षा दी। जिसमें वैकल्पिक प्रश्न पत्र पूरा करने का एक घण्टे का समय दिया गया। लिखित परीक्षा 114 युवाओं ने पास की, जिनका 3 सदस्यी दल जिसमें अशोक कुमार शर्मा, गोपाल प्रसाद, मोहित सिंह ने तकनिकी प्रश्न का मौक टेस्ट व साक्षात्कार लिया

## मीणा महासभा ने की शिक्षा मंत्री दिलावर के बयान की भर्त्सना

**करौली ( नि.स. )।** राजस्थान आदिवासी मीना महासभा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष प्रो रामेश्वर मूंडरी ने राजस्थान सरकार में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के बयान कि आदिवासियों का डीएनए टेस्ट करना होगा कि वे अपने बाप की औलाद हैं या नहीं एवं दूसरा बयान कि आदिवासी अच्छे हिन्दू हैं इसकी कड़ी भर्त्सना की है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी राजकुमार मीना नारोली ने बताया कि प्रो रामेश्वर मूंडरी ने प्रेस नोट जारी करके कहा है कि ऐसे जिम्मेदार पद पर बैठे हुए व्यक्ति द्वारा आदिवासियों पर घृणित टिप्पणी का पूरा आदिवासी समाज घोर निन्दा करता है इसके लिए दिलावर आदिवासी समाज से माफी मांगे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि आदिवासी हिन्दू नहीं है हमारी सांस्कृतिक विरासत,रीति-रिवाज,संस्कृति एवं सामाजिक पिछड़ापन से हमारी पहचान है हमें जबरदस्ती हिन्दू बनाने की कोशिश मत करो वरना हमें मजबूरन कानून का सहारा लेना पड़ेगा हमसे आदिवासी होने का प्रमाण पत्र मांगने वाले या देने वाले आप होते कौन हो रही बात डीएनए टेस्ट की डीएनए टेस्ट से कोई और डरता होगा हम नहीं, जरूर करवाएं दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा हम प्राचीन काल से इस देश के मूल निवासी हैं जल जंगल जमीन हमारी पहचान है।

हम इस देश के मूल निवासी हैं,आप हमें किसी धर्म से जोड़ने वाले कौन होते हैं, हम प्रकृति पूजक हैं और हमेशा रहेंगे इस ओछी मानसिकता वाले बयान पर मदन दिलावर को आदिवासी समाज से माफी मांगनी होगी वरना आगे इस गलती के दुष्परिणामों के लिए तैयार रहें।

# भाजपा ने आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया काला दिवस

**करौली ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी जिला करौली द्वारा आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर काला दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करौली जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया द्वारा की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टोंक सवाई माधोपुर के पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया रहे तथा विशिष्ट अतिथि करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर एवं लोकसभा प्रत्याशी इंदुदेवी की रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने बताया कि भारतीय इतिहास में 25 जून को आपातकाल लगा यह दिन लोकतंत्र की हत्या का दिन था 25 जून को उस समय की तत्कालीन कांग्रेस सरकार से भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा तानाशाह के रूप में संपूर्ण भारत में आपातकाल घोषित किया गया तथा निर्दोष और मासूम भारतीय जनता को इसकी सजा भुगतनी पडी। इंदिरा गांधी के आदेश पर भारत वर्ष में पुरुषों की नसबंदी का कार्यक्रम चलाया गया इसके विरोध में विपक्षी दलों ने इसके खिलाफ गिरफ्तारियां दी आज इस दिन को संपूर्ण भारतवर्ष को एक काला दिवस के रूप में रूप में मनाते हैं। प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रहलाद सिंहल,जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह,धीरेंद्र बैसला, हरि सिंह बैरवा, विधानसभा संयोजक योगेश कुमार शर्मा उर्फ योगी,ललित शर्मा, पुष्पेंद्र सैनी, धन सिंह माली,तरुण शर्मा,देवेंद्र कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## ऋण आवेदन पत्र आमंत्रित

**करौली ( नि.स. )।** नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह ने बताया कि दीनदयाल अन्तोदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन डे-एनयूएलएम के स्वरोजगार घटक के अंतर्गत व्यक्तिगगत रोजगार एवं उद्यम स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से अधिकतम 2 लाख रू का ऋण बैंक द्वारा अनुदानित वार्षिक ब्याज दर पर करौली शहर मे निवास करने वाले बीपीएल, अन्त्योदय, आस्थाकार्डधारी चयनित परिवार अथवा ऐसे शहरी गरीब परिवार जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रू से कम है ऋण आवेदन पत्र आमंतित्र किये गये है। उन्होने बताया कि ऐसे पात्र व्यक्ति जो स्वयं का उद्यम स्थापित करना चाहते है। वह आवेदन करने हेतु पुरानी नगर पालिका,प्राईवेट बस स्टेण्ड के पास एनयूएलएम ऑफिस नगर परिषद,करौली मे आधार कार्ड, राशन कार्ड,बैंक पास बुक,पासपोर्ट फोटो एवं बीपीएल कार्ड ना हो तो निर्धारित सीमा का आय प्रमाण पत्र उक्त दस्तावेजों सहित 25 जुलाई तक जमा करवा सकते है।

# जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने मंगलवार को शहर मे स्थित सामान्य चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होने मेडिकल वार्ड,आईसीयू, मेल सर्जिकल वार्ड, फीमेल सर्जिकल वार्ड, ओपीडी सहित अन्य चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों को मरीजो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने, नियमित साफ सफाई करवाने,दवाईयो की समुचित उपलब्धता रखने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावा जिला कलेक्टर ने वार्डो के निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजो से चर्चा की एवं उपलब्ध करवाई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. रामकेश मीना,डॉ गोविन्द गुप्ता सहित अन्य चिकित्साकर्मी उपस्थित रहे।



**करौली मे भाजपा पदाधिकारियो ने आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर काला दिवस मनाया।**

## समीक्षा बैठक सम्पन्न

**गंगापुर सिटी।** भारत सरकार के नीति आयोग के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलक्ट्रेट में आशान्वित ब्लॉक की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के कियान्वयन एवं प्रगति की निर्धारित संकेतक वार समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने बताया कि नीति आयोग द्वारा गंगापुर सिटी को आशान्वित ब्लॉक के अन्तर्गत चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि नीति आयोग द्वारा प्रत्येक ब्लॉक के लिए निर्धारित कार्यक्रम के तहत विभिन्न मानक एवं संकेतक तय किए गए है। कुल 4० संकेतकों में से 6 संकेतकों के शत प्रतिशत लक्ष्य को जल्द से जल्द सुनिश्चित करने के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गई।

# बेरोजगार युवाओं ने रैली निकाल कर किया विरोध प्रदर्शन

**धौलपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं का आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 कर देने के विरोध में मंगलवार को धौलपुर शहर में बेरोजगार युवाओं ने रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

इस मामले को लेकर सुबह 10 बजे बेरोजगार युवा एकीकृत पार्क धौलपुर में एकत्रित हुए। यहां बैठक करने के बाद रैली के रूप में विरोध प्रदर्शन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां कुछ समय तक युवाओं ने धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद धौलपुर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन दिया।

- **तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं का आरक्षण30 से बढ़ाकर 50 कर देने के विरोध में बेरोजगार युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया**

ज्ञापन में बेरोजगार युवाओं का कहना है कि तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं का कोटा 50 करना न्याय उचित नहीं है। महिला सीट रिजर्व कर देने के बाद एक्स सर्विसमैन, विधवा, विकलांग का भी कोटा निश्चित है। ऐसे में फिर लड़कों के लिए क्या बचेगा ? यह लड़कों के साथ अन्याय है। वहीं परीक्षा में लड़कियों की अपेक्षा लड़कों की संख्या काफी अधिक है। ऐसे में युवाओं में बेरोजगारी बढ़ेगी। जिससे वे आत्महत्या जैसे कदम उठा सकते हैं।

ज्ञापन में मुख्यमंत्री से महिलाओं के आरक्षण कोटे को पुन: 30 करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में छात्र नेता बीके कुशवाह, देवेंद्र कुशवाह, दीपेश कुमार, कृष्णा, भोलू, शिवकुमार, नरेंद्र शर्मा, कृष्णकांत आदि शामिल हैं।

## दो दिवसीय हरि कीर्तन दंगल आज से

**करौली ( नि.स. )।** कैलालादेवी रोड स्थित ग्राम पंचायत बरखेड़ा के गांव नकटीपुरा में सैनी हरि कीर्तन मंडल के तत्वाधान में दो दिवसीय हरि कीर्तन दंगल का आयोजन आज बुधवार से 27 जून तक किया जा रहा है।

आयोजन समिति के मेड़िया पप्पू सैनी,रामेश्वर सैनीसोहनलाल ने बताया कि सैनी हरि कीर्तन मंडल नकटीपुरा के तत्वाधान में दो दिवसीय हरि कीर्तन दंगल का आयोजन 26 जून को प्रात: 7:00 बजे प्रारंभ होगा जो 27 जून को सांय 6:00 बजे तक चलेंगे।

इस अवसर पर दंगल में स्थानीय सैनी हरि कीर्तन मंडल नकटीपुरा के अलावा सैनी हरि कीर्तन मंडल धांधुपुरा,मालियों की चौकी गंगापुर सिटी और सैनी हरि कीर्तन मंडल औडच सपोटरा की कीर्तन मंडली द्वारा धार्मिक कथाओं की प्रस्तुति हरि कीर्तन मंडल के रूप में दी जाएगी।

विशाल हरि कीर्तन दंगल को लेकर नकटीपुरा में ग्राम वासियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें दंगल से संबंधित सभी तैयारियां पूरी करने के लिए अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारियां दी गई हैं।

# भरतपुर रेंज में असामाजिक तत्वों एवं वांछित अपराधियों के विरूद्ध बडी कार्यवाही

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर रेंज में असामाजिक तत्वों एवं वांछित अपराधियों के विरूद्ध बडी कार्यवाही की गई है। महानिरीक्षक पुलिस, भरतपुर राहुल प्रकाश ने बताया कि रेंज के जिला भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, गंगापुरसिटी एवं डीग में असामाजिक तत्वों की धरपकड एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु 23 जून की दोपहर से 24 जून की मध्य रात्रि तक एरिया डॉमिनेशन की कार्यवाही की गई। एरिया डॉमिनेशन की कार्यवाही में रेंज के समस्त जिला पुलिस अधीक्षक को महिला अत्यॉचार, हार्डकोर अपराधी, हिस्ट्री शीटर अपराधी, आदतन अपराधी, जघन्यो अपराधों में वांछित चल रहे अपराधी, आर्म्सी एक्टड के अभ्य स्त, अपराधी एवं आर्म्सड एक्टक के प्रकरणों में वांछित अपराधी, ईनामी अपराधी एवं अन्यी वांछित अपराधियों की सूचियां तैयार कर उनकी धरपकड के लिये विभिन्नर टीमें गठित करने के निर्देश दिये गये। सभी जिला पुलिस अधीक्षक ने उनकी वांछित अपराधियों की सूची तथा टीम एवं रास्ता तैयार कर दिनांक 23 व 24 जून को धरपकड एवं गिरफ्तारी कार्यवाही की। इस स्पेशल कार्यवाही में अधिकतम पुलिसकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई और समस्त थानों, कार्यालयों, पुलिस लाइन, क्यूआरटी आरएसी कम्पनीज आदि सभी को नियोजित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्वयं टीमों को ब्रीफ कर रवाना किया गया। एरिया डॉमिनेशन के दौरान की गई कार्यवाही में सभी जिलों में 1200 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की 300 टीमों ने कुल 1200 से अधिक स्थानों पर दबिश दी। रेंज में कुल 1100 से अधिक असामाजिक तत्वों वांछित अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। रेंज में कुल 903 वांछित अपराधी असामाजिक तत्वों को गिरफ्तारकिया गया। 14 ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जो महिला अत्यातचार के प्रकरणों में वांछित थे। 69 स्थाअई वारन्टी, उद्घोषित अपराधी, 299 सीआरपीसी गिरफ्तारी वारन्ट में वांछित अपराधी पकडे। 40 ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है जो जघन्य अपराधों में वांछित थे। 73 ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है जो सामान्य अपराधों में वांछित थे। 5 ऐसे आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जो प्रकरणों में वांछित थे। 7 ईनामी अपराधी गिरफ्तार किये गये। 13 ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जो आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस के प्रकरणों में वांछित थे। 1 हार्डकोर जो वांछित था को गिरफ्तार किया गया। 6 हिस्ट्री शीटर जो वांछित थे को गिरफ्तार किया गया। 534 व्क्तियों को धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया गया। 141 व्क्तियों को नवीन दर्ज प्रकरणों में गिरफ्तार किया गया। रेंज में कुल 203 अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गई। 4 हार्डकोर, 65 हिस्ट्री शीटर एवं 51 आदतन अपराधियों, 25 आर्म्स एक्ट के अभ्यस्त अपराधी एवं 58 एनडीपीएस एक्ट के अभ्यस्त अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गई।

- **एरिया डॉमिनेशन की कार्यवाही के तहत रेंज में कुल 903 वांछित अपराधी गिरफ्तार किया**



**भरतपुर रेंज में असामाजिक तत्वों एवं वांछित अपराधियों के विरूद्ध बडी कार्यवाही की गई।**

## आपसी कलह में युवक ने खाया जहर

**हिंडौन सिटी ।** समीप के गांव कांचरोली में मंगलवार को पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के चलते थाना मंडावर के नादना निवासी एक युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। सदर थाना पुलिस उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जयपुर रेफर कर दिया गया। ।

सदर थाना प्रभारी कैलाश चन्द ने बताया कि, कीटनाशक दवा के सेवन से नादना (दौसा) निवासी हरिओम जोगी (26) की तबीयत बिगड़ने पर उसे कांच रोली स्थित ससुराल से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सक द्वारा रेफर करने के बाद युवक को पुलिस कर्मियों के साथ जयपुर भेजा गया और उसके परिजनों को सूचना दे दी गई।

पुलिस के अनुसार, हरिओम और उसकी पत्नी के बीच काफी दिनों से मनमुटाव चल रहा है। उसकी पत्नी ने सदर थाने में पति के खिलाफ दहेज का मामला भी दर्ज करा रखा है। युवक मंगलवार को अपनी ससुराल पत्नी से मिलने और समझाइश के लिए आया था। इस दौरान सूचना मिली कि उसने कीटनाशक पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। पुलिस मौके पर जाप्ते के साथ पहुंच गई।

ड्यूटी चिकित्सक डॉ. अंकुश अग्रवाल ने बताया कि कीटनाशक दवा के सेवन से युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया है।

# भाजपा ने आपातकाल को लेकर मनाया काला दिवस



**गंगापुर सिटी ।** भारतीय जनता पार्टी गंगापुर सिटी और बामनवास क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने आपातकाल की बरसी काला दिवस के रूप में मनाई।

बैठक में साल 1975 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार की ओर से देश में लगाए गए आपातकाल के दौरान जेल भरो अभियान के अंतर्गत जेल जाने वाले गंगापुर सिटी निवासी सेवानिवृत शिक्षक उमेश शर्मा का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया और भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने उमेश शर्मा का शॉल ओढाकर सम्मान किया।

पूर्व सांसद जौनापुरिया और भाजपा जिलाध्यक्ष दीक्षित ने कहा कि आपातकाल की भारतीय जनता पार्टी कडे शब्दों में निंदा करती है।

इस दिवस को काला दिवस के रूप में मनाने का आ ान करते हुए आपातकाल के दौरान जेल भरो कार्यत्र्कम के अंतर्गत देश की जेलों को भरने वाले लोकतंत्र सेनानियों को याद किया।

कार्यक्रम के दौरान किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धनसिंह मावई, बामनवास प्रधान शशिकला मीणा, जिला संयोजक मंजू सिंहल, पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नागेश लोढी, शहर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट नवीन शर्मा, उपप्रधान पुष्कर जाट, उपसभापति वीरेंद्र पुजारी, संजय गोयल, मनोज बंसल, रामसिंह खटाना, दीपक सिंघल, डॉ. हेमंत शर्मा, मनमोहन बजाज, महेश खंडेलवाल, प्रदीप सरकार, मिथलेश व्यास, धनेश शर्मा, विष्णु गुरुजी, सवाई सिंह, कमलेश महावर, बनवारी चौहान, गोविंद गुप्ता, नरेन्द्र पंडा, गोपाल गर्ग, दिलीप पंवार, देवेश पितलिया, प्रतिभा सोनी, राधा दीक्षित, वीरू बजाज, विजय गुर्जर, नरेंद्र हरसाना, मुरारी मीणा, नमो मीणा, प्यारेलाल मीणा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे